## एक नजर में

### आज मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह

**बालाघाट।** जिला मुख्यालय बालाघाट में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 01 नवम्बर को सांदीपनी विद्यालय बालाघाट में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही उद्यम व्यवसाय व स्वरोजगार पर प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। बालाघाट जिले के सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अमले के साथ प्रातः 10:30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, उद्योगपति, समाजसेवी, धर्मगुरू, उद्यम क्षेत्र में स्टार्टअप करने वाले उद्यमी, अशासकीय संस्था, मीडिया प्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की सदस्य महिलाओं, गणमान्य नागरिकों एवं आमजनों को आमंत्रित किया गया है।

### सहारा वृद्धाश्रम का निरीक्षण अधिकरण द्वारा सम्पन्न

**बालाघाट।** बालाघाट अनुभाग स्तरीय वृद्ध माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक, कल्याण अधिकरण बालाघाट द्वारा लिये गये निर्णय के परिपालन में 29 अक्टूबर को भटेरा के वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में नायब तहसीलदार बालाघाट, सचिव प्रतिनिधि, अनुविभागीय राजस्व बालाघाट शेख रफीक समाज कल्याण विभाग बालाघाट, सुलह अधिकारी गण क्रमशः बी.आर.भैरम, श्रीमती फिरोजा खान रमेश पटले, सुरजीतसिंह छाबडा, एवं पुलिस विभाग हमदर्द शैल प्रभारी शैलेन्द्र शुक्ला उपस्थित थे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग सचिव ने बताया कि निरिक्षण टीम को वृद्धाश्रम संचालक ने पूर्व सहयोग प्रदान किया तथा बताया कि यह वृद्धाश्रम वर्ष 2011 से कलेक्टर के मंडी के ब्याज की इसे अन्य सहयोग नहीं मिलता निराश्रित निधि से चलाया जा रहा है. वृद्ध पुरुषों महिलाओं ने आवश्यक जानकारी अधिकरण के सदस्यों को प्रदान की टीम ने अपना प्रतिवेदन अधिकरण अध्यक्ष को सौपा तथा टीम के सुलह अधिकारियों ने बताया कि लिये गये निर्णय के अनुसार नगर के सम्बधित आश्रमों में औचक निरीक्षण होते रहेंगे।

### गायखुरी में मेला आज,

**बालाघाट।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वैनगंगा मेला समिति गायखुरी द्वारा नगरीय क्षेत्र के वार्ड नंबर 33 गायखुरी वैनगंगा नदी तट स्थित शिव मंदिर समीप तुलसी विवाह ग्यारस पर्व के अवसर पर दिन रात के मेले का आयोजन 1 नवम्बर शनिवार को किया गया है। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि 9.30 बजे से दो महिला शाहीरों की दुय्यम शायरी के मुकाबला का आयोजन किया गया है। इसमें महिला शाहिर गीता बाई उपवंशी ग्राम खोंगाटोला मोहगांव धपेरा व महिला शाहिर लक्ष्मीबाई सराठे के द्वारा एक से बढक़र एक सुमधुर शाहिरी की प्रस्तुति दी जावेगी।

**चेतावनी** — नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक

# आज से हेलमेट अनिवार्य, नहीं पहना तो पेट्रोल भी नहीं मिलेगा

**नवभारत, बालाघाट।** नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने एक बयान जारी करते हुए बताया कि बालाघाट शहर में शासन के निर्देशों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा 1 नवंबर से जनहित और जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि है, और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यह कदम आवश्यक है। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे हेलमेट का नियमित उपयोग करें और यातायात नियमों का पालन करते हुए एक जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें।हैलमेट खरीदते समय दुकानदार से पक्का बिल जरूर लें जिसमें हेलमेट की समस्त जानकारी दर्ज हो अगर कोई दुकानदार बिल देने में असमर्थता जताता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को दें जिससे संबंधित पर कार्रवाई की जा सकती है ।

इसी क्रम में, पुलिस प्रशासन द्वारा शहर के यातायात को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख मार्गों पर बैरिकेटिंग लगाई गई है, जिससे यातायात का प्रवाह सुरक्षित और नियंत्रित बना रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने नागरिकों से अपेक्षा करते हुए कहा कि वे इन व्यवस्थाओं का पालन करें और निर्धारित मार्गों एवं संकेतों के अनुसार ही अपने वाहनों का संचालन करें।



नगर पालिका अध्यक्ष ने आगे बताया कि आगामी समय में बालाघाट शहर में ट्रैफिक सिग्नल की स्थापना के लिए नगर पालिका द्वारा तकनीकी विशेषज्ञों से निरीक्षण (सर्वे) करवाया गया है।

विशेषज्ञों ने काली पुतली चौक और डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक में ट्रैफिक सिग्नल लगाने की अनुमति प्रदान की है ।जिसके लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है ।

नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि इस माह के भीतर ही दोनों स्थानों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने की व्यवस्था पूरी कर ली जाएगी।

इसके साथ ही, शहर के विभिन्न स्थानों पर संकेतक बोर्ड, चेतावनी लाइट, कन्वेक्स मिरर (Curve Mirrors) और अन्य जन सुरक्षा उपकरण भी लगाए जाएंगे, जिससे नागरिकों को यातायात दिशा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके।

उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई संपूर्ण जनहित में की जाएगी, ताकि बालाघाट शहर की सड़कों पर सुगम, सुरक्षित और अनुशासित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। वहीं छोटे दुकानदारों रैहड़ी-ठेले वालों को भी व्यवस्थित किया जाएगा ।

**अतिक्रमण हटाने पर भी होगी सख्त कार्रवाई**

नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि आगामी समय में शहर के यातायात को और अधिक व्यवस्थित करने के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ संयुक्त चर्चा की जाएगी,ताकि ऐसे स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा सके, जहां से यातायात का प्रवाह बाधित होता है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई



**नवभारत, वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में 31 अक ?टूबर को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती के उपलक्ष ?य में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का अयोजन किया गया। समारोह का प्रारंभ मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरदार वल्लभ भाई पटेल के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए एनएसएस अधिकारी श्री कृष्णा पराते ने अपने उद्बोधन में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री पटेल का जन्म 31 अक्टुबर 1875 को नाडियाल गुजरात में हुआ था। सरदार वल्लभ भाई पटेल भारत की स्वतंत्रा संग्राम के महान नेता एवं कुशल प्रशासक और देश की एकता के प्रतीक है। महाविद्यालय के एनसीसी इकाई के कैप्टन डॉ. हेमन्त कुमार मण्डाले ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में देश के हित के लिए सरदार वल्लभ भाई पटेल के दिखाये हुए मार्ग पर चलना अत्यन्त आवश्यक है।

# भादा में सार्वजनिक मंडई मेला, रंग छत्तीसा कार्यक्रम ने बांधा समा

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा तहसील के ग्राम भादा (ठेमा) में मंगलवार, 28 अक्टूबर को सार्वजनिक मंडई मेला समिति ग्राम स्कूलटोला भादा के तत्वाधान में आयोजित द्वितीय वर्ष का भव्य मंडई मेला शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। परंपरा, संस्कृति और एकता का यह अनोखा संगम देखने हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परसवाड़ा क्षेत्र के विधायक मधु भगत, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पन्द्रे, तथा प्रमुख अतिथि आदिवासी विकास परिषद अध्यक्ष दिनेश धुर्वे मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन की अध्यक्षता ग्राम पंचायत भादा (ठेमा) के सरपंच दिनेश वरकड़े ने की। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और ग्रामीणों को पारंपरिक सांस्कृतिक धरोहर को बनाए रखने की प्रेरणा दी।



मेला के आकर्षण का केंद्र रहा छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोक कार्यक्रम रंग छत्तीसा, जिसमें छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका पूनम तिवारी ने अपनी मधुर आवाज़ से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीत-संगीत, नृत्य और हास्य नाट्य की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को लोक संस्कृति के रंगों से भर दिया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मेला में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन परसवाड़ा ने सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की थी। प्रारंभ में क्षेत्रीय विधायक मधु भगत ने युवाओं से अनुशासन बनाए रखने और कार्यक्रम का आनंद शांतिपूर्ण ढंग से लेने की अपील की। उपस्थित जनसमूह ने भी सहयोग करते हुए आयोजन को सफल और गरिमामय बनाया।

मेला आयोजन समिति द्वारा मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, गणमान्यो और मीडिया कर्मियों का शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्राम एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और सामूहिक सद्भाव को प्रोत्साहित करना है।

सार्वजनिक मंडई मेला समिति एवं ग्राम पंचायत भादा की ओर से समस्त आगंतुक अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को क्षेत्र की संस्कृति का उत्सव बताया और अगले वर्ष इसे और भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया।



## परसवाड़ा में मैराथन दौड़ का आयोजन

**नवभारत, परसवाड़ा।** राष्ट्र के आयरन मैन एवं भारत के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर कल परसवाड़ा में एकता दौड़ (ऋह्वठ्ठ द्घश्रह्म् ठ्ठह्लद्4) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व एसडीओपी परसवाड़ा अरविंद शाह एवं थाना प्रभारी मदन इवने द्वारा किया गया।

सुबह 8:00 बजे आरंभ हुई यह मैराथन ग्राम कुरेंडा से परसवाड़ा थाने तक आयोजित की गई, जिसमें उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। दौड़ में परसवाड़ा पुलिस बल, विसबल वाहिनी के जवान, स्कूल एवं हॉस्टल के छात्र-छात्राएँ, युवा खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति सदस्य, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों की सुरक्षा हेतु विशेष व्यवस्था की गई। पानी, प्राथमिक उपचार एवं आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। दौड़ के समापन पर सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई।

### बरसात से फसल नुकसानी का किसानों क़ो मुआवजा दे सरकार-अनीस

**लालबर्रा।** ग्राम पंचायत लालबर्रा के सरपंच व विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने वर्तमान समय मे बेमौसम हो रही बरसात से किसानों हुई फसल नुकसानी का शासन प्रशासन से अतिशीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। अनीस खान ने बताया की इस समय मुंथा चक्रवात सम्पूर्ण देश मे अपना कहर बरसा रहा है जिसका असर से लालबर्रा छेत्र के किसानों की फसल नुकसानी मे देखने को मिल रहा है किसानों की आई हुई खड़ी फसल को भारी नुकसान देखने मिल रहा है। लालबर्रा सरपंच व विधायक प्रतिनिधि अनीस खान ने जिला कलेक्टर, शासन प्रशासन व राजस्व अमले से मांग की है की बेमौसम बरसात से किसानों को हुए फसल नुकसान का अतिशीघ्र मुआवना करते हुए उचित मुआवजा दिया जाये।

## गायखुरी लोधी मोहल्ला में 2 को मेला दंगल और देवी जागरण का आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** महाकाल मेला उत्सव समिति वार्ड नंबर 33 गायखुरी बालाघाट द्वारा गत वर्षानुसार इस वर्ष भी गायखुरी वैनगंगा नदी तट लोधी मोहल्ला में बारस के अवसर पर एक दिवसीय मेला व खड़ा दंगल (कुश्ती) का आयोजन 2 नवम्बर रविवार को किया गया है। इस अवसर पर दोपहर 12 बजे से खड़ा दंगल का शुभारंभ किया जाएंगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में म.प्र विद्युत मंडल से सेवा निवृत अधिकारी फूलचंद जी विजेवार व विशेष अतिथि महिपाल माहुले उपस्थित रहेंगे। बता दें कि वर्ष 2024 से महाकाल मेला उत्सव समिति लोधी मोहल्ला द्वारा तुलसी विवाह के दूसरे दिन मेला भराने की शुरूवात की गई है। मेले का ये दूसरा साल है। आयोजन समिति द्वारा लोगों के मनोरंजन के लिये रात्रि 9 बजे से मां भगवती देवी जागरण गोंदिया के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें देवी गीत गायक वेदप्रकाश शुक्ला व ग्रुप के कलाकारों द्वारा शानदार देवी गीतों व भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी जावेगी। कुश्ती व देवी जागरण कार्यक्रम में मेला समिति के पदाधिकारियों व वार्ड नंबर 33 के निवासियों ने दर्शकों से अधिकाधिक उपस्थिति की अपील की है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने भीमडोंगरी में सेमिनार

**मंडला नभाप्र.** ग्राम पंचायत भीमडोंगरी स्थित सनसाईन यूथ कारेज में महिलाओं को स्वस्थ, सशक्त और आत्मनिर्भर समाज का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मवई जनपद अध्यक्ष मनीषा प्रहलाद मरकाम, जनपद सदस्य अनंत सिंह राठौर, डीआई एसके तांडव, समाजसेवी अक्षय कुमार परते सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सामाजिक ऑडिट ऐप -मित्र के 100 दिन पूर्ण

**नवभारत, बालाघाट।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा नागरिकों को रिपोर्ट करने और पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर देने वाले सामाजिक ऑडिट ऐप वी-मित्र (ङ्क-मित्र) को लांच हुए 100 दिन पूर्ण हो गए। 'जानकारी दें, इनाम पाएं' का संदेश देने वाले वी-मित्र (ङ्क-मित्र) के माध्यम से 100 दिन के दौरान कुल 30 हजार मामले दर्ज हुए। दर्ज मामलों में 17 हजार 200 मामलों की जांच में 3 हजार 850 मामलों में अनियमितताएं पायी गईं। वी-मित्र (ङ्क-मित्र) के माध्यम से विद्युत चोरी व अनियमि ?तता की जानकारी देने पर इस दौरान नागरिकों को 3 हजार 150 मामलों में साढ़े 15 लाख रूपए के इनाम बिना किसी कार्यालय गए उनके खातों में ट्रांसफर किए गए। विभिन्न एजेंसियों द्वारा रिपोर्ट किए गए स्मार्ट मीटर डेटा एनालिसिस मामलों में लगभग सात फीसदी के विरूद्ध वी-मित्र (ङ्क-मित्र) ऐप का स्ट्राइक रेट 22 फीसदी रहा।

इस दौरान ऐसे मामलों में 4 करोड़ 64 लाख रूपए की बिलिंग की गई और विद्युत चोरी व अनियमितता करने वालों से कुल 23 लाख रूपए की वसूली की गई। जिन क्षेत्रों में अनियमितता के प्रकरण दर्ज किए गए, वहां के विद्युत अमले पर जुर्माना लगाया गया। ऐसे विद्युत अमले ? पर 3 लाख 25 हजार रूपए की प्रोविजनल पेनाल्टी लगाई गई। ऐसे 91 मामलों में 26 हजार रूपए की वसूली की गई। इस दौरान नए उपभोक्ता प्रकरण एवं लोड वृद्धि के 3 हजार 100 मामले दर्ज हुए।

# बहुप्रतीक्षित नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बे के ऊपर टीन शेड निर्माण होगा

### विधायक अनुभा मुंजारे विधायक निधि से करायेगी टीन शेड निर्माण

**नवभारत, बालाघाट।** इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट विश्व का प्रथम संग्रहालय है, जहाँ नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा स्थापित किया गया है। ज्ञात हो कि जब गोंदिया-बालाघाट-जबलपुर नैरोगेज बोगी ट्रेन छुक-छुक करते हुए कोयला इंजन से चला करती थी, उसके उपरान्त डीजल इंजन से चलना प्रारंभ हुई थी। बिटिश कालीन छोटी ट्रेन जैसे-तैसे चलती रही। बड़ी ट्रेन की स्वीकृति उपरान्त, बन्द कर दी गई। उक्त ट्रेन को डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष ने 31 दिसम्बर 2016 को पुरातत्व संग्रहालय परिसर में आयोजित पुरातत्व बैठक में तात्कालिक कलेक्टर भरत यादव के समक्ष उक्त नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बे को पुरातत्व संग्रहालय में स्थापित करने मांग रखी, जिनकी सहमति मिलने उपरान्त रेल विभाग से पत्राचार प्रारंभ किया गया, नैरोगेज कोयला इंजन की स्वीकृति नहीं मिली परंतु नैरोगेज बोगी की स्वीकृति मिलने उपरान्त जिला प्रशासन और जनसहयोग के माध्यम से खरीदकर मोतीबाग नागपुर से 25-26 जनवरी 2017 लाकर स्थापित किया गया। पुनः



कोयला इंजन के लिए कलेक्टरों के माध्यम से पत्राचार प्रारंभ किया गया। कोयला इंजन तो नहीं मिला परंतु डीजल इंजन की स्वीकृति 22 अगस्त 2023 को मिलने उपरान्त 2 सितम्बर 2923 को डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष और गणेश प्रसाद यादव नैरोगेज डीजल इंजन के संबंध में रेलवे इंजीनियर से चर्चा करने मोतीबाग नागपुर पहुंच कर

तात्कालिक कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए, सहयोग की अपेक्षा की। जिनके मार्गदर्शन में संग्रहालय परिवार में डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष, डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता, श्याम सिंह ठाकुर, गणेश प्रसाद यादव, सचिन सिंह गहरवार 20 नवम्बर 2023 को मोतीबाग नागपुर नैरोगेज डीजल इंजन लाने पहुंचे। जो 23 नवम्बर 2023 को मोतीबाग नागपुर से इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट पहुंचा।

नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा को स्थायित्व प्रदान करने के उद्देश्य से शासन-प्रशासन से टीन शेड निर्माण हेतु पत्राचार प्रारंभ किया गया। तभी श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट निर्वाचित होने उपरान्त 31 दिसम्बर 2023 को पुरातत्व संग्रहालय में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जहाँ उन्होंने अपने उद्बोधन में नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बे के ऊपर टीन शेड निर्माण की घोषणा की थी।

यह सुखद संयोग है,कि 23 नवम्बर 2023 को देवउठनी ग्यारस के दिन नैरोगेज बोगी से डीजल इंजन को जोड़ा गया था। पुनः यही परिदृश्य सामने आया है, कि 1 नवम्बर 2025 को देवउठनी ग्यारस है और नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बे के ऊपर टीन शेड निर्माण का भूमि पूजन श्रीमती अनुभा मुंजारे विधायक बालाघाट के मुख्य आतिथ्य में दोपहर 2 बजे सम्पन्न होने जा रहा है, जिनके द्वारा विधायक निधि से टीन शेड निर्माण पूर्ण होगा।

तदसंबंध में 31 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2-30 बजे से डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार संग्रहाध्यक्ष की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें नैरोगेज डीजल इंजन-बोगी-गार्ड डिब्बा टीन शेड निर्माण निगरानी समिति का अस्थाई तौर पर गठन किया गया, जिसमें व्यवस्था प्रभारी में डॉ.संतोष कुमार सक्सेना, डॉ.सुभाष चंद्र गुप्ता, डॉ.कुलदीप बिल्थरे, डॉ.कविता गहरवार, राजेन्द्र कुमार शिवहरे, राजेन्द्र कुमार ब्रम्हें का मनोनयन किया गया।

अनुभा मुंजारे बालाघाट की प्रथम महिला विधायक है, जिन्होंने पुरातत्व क्षेत्र में रुचि दिखाई और लालबर्रा क्षेत्र के ऐतिहासिक पुरातात्विक महत्व के स्थल बोबलाई देवी, कव्हरगढ़ ग्राम रानीकोठार का अवलोकन करने उपरान्त शासन को विकास करवाने प्राक्कलन सम्प्रेषित किया है। इतिहास एवं पुरातत्व शोध संस्थान संग्रहालय बालाघाट में अब तक जन प्रतिनिधित्व ने जो सहयोग तात्कालिक रामजी महाजन,पालक मंत्री, लिखीराम कावरे मंत्री विधायक किरनापुर, दिग्विजयसिंह मुख्यमंत्री, के.डी.देशमुख विधायक कटंगी, डॉ.योगेंद्र निर्मल विधायक वारासिवनी से प्राप्त हुआ है।

# देश की दिशा और दशा बदलने में स्व . इंदिरा गांधी की बहुत बड़ी भूमिका : विवेक पटेल



### कांग्रेसियो ने मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती

**देश को आगे लेकर जाने में स्वर्गीय इंदिरा गांधी का हैं अहम योगदान**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी इससे देश का मान बड़ा,स्वर्गीय इंदिरा गाँधी ने अपने कुशल नेतृत्व में देश को काफी आगे ले गई देश की दिशा और दशा बदलने में इंदिरा जी की बहुत बड़ी भूमिका रही,उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता देश की प्रति स्वर्गीय इंदिरा काफी समर्पित थीं आयरन लेडी के नाम से मशहूर पूर्व प्रधानमंत्री देश को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाया इनके कार्यकाल में देश शक्तिशाली बनकर उभरा,देश ने तरक्की की,और राह पकड़ी,इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए कौमिएकता का भी नारा दिया देश को संगठित बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही सभी लोग इंदिरा गांधी के आदर्श पर चलने का संकल्प भी लिया इंदिरा गांधी के बताएं मार्ग पर चलकर पार्टी को मजबूत बनाने का आव्हान किया।

**नवभारत, वारासिवनी।** कांग्रेस जनसंम्पर्क कार्यालय में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वगीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री व उप-प्रधानमंत्री राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती सम्मान समारोह पूर्व मनाई गई कांग्रेसियो द्वारा स्वर्गीय इंदिरा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर अमर रहें नारे लगाएं इस अवसर पर कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में इंदिरा गांधी को विशेष रूप से याद किया जाता है उनकी महानता इतनी थी कि विपक्ष के नेता होते हुए पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने उन्हें दुर्गा का अवतार की संज्ञा दी थी एक तेज तर्रार त्वरित निर्णायक क्षमता और लोकप्रियता ने इंदिरा गांधी को देश और दुनिया की सबसे ताकतवर नेताओं में शुमार कर दिया था इंदिरा गांधी को देश तीन कार्य के लिए सदैव याद करता है पहले बैंकों का राष्ट्रीयकरण,दूसरा पाकिस्तान को पराजित कर बांग्लादेश का उदय करने एवं तीसरा राजा-राजबाड़ी प्रथा को समाप्त करना,इस दौरान जनपद सदस्य जीतू राजपूत,राजकुमार चौधरी,योगेश सुलकिया,मन्नू रामटेके,रितिक गौतम,उज्वल गौतम,सरोज गौतम,कुलदीप गौतम सहित कांग्रेसी मौजूद रहें।

### गौ माता और नंदी महाराज को खिलाया अन्नकूट के साथ हरा चारा

**मंडला अक्टूबर नभाप्र .** अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी के अवसर पर सनातन धर्म के अनुयायियों और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गौशाला पहुँचकर गौ माता का विधि-विधान से पूजन किया। कार्यकर्ताओं ने गौ माता और नंदी महाराज का तिलक वंदन कर उनका पूजन अर्चन किया। इस दौरान अन्नकूट बनाकर और हरे चारे का भोग गौ माता को खिलाया गया। कार्यक्रम में रत्नेश यादव ने गोपाष्टमी पर्व के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। समीर रघु अग्रवाल ने गौ माता के आध्यात्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन परंपरा में गाय को अत्यंत पवित्र माना जाता है। इस अवसर पर बलदाऊ राजपूत, मोंटी साहू, मनीष साहू, नरेश सार्वे, पंचम यादव, हेमंत ठाकुर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र)**

क्रमाक/2905/ अति कले. / वि.अधि. /2025 — बालाघाट, दिनाक 29/08/2025

**आम-सूचना**

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष / अर्न्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण राहुल मेश्राम उम्र 22 वर्ष पिता श्री ओमप्रकाश मेश्राम जाति महार निवासी वार्ड नं 15 ग्राम आंजनबिहरी पो. दिग्धा तह. तिरोडी जिला बालाघाट (म.प्र) एवं आवेदिका मयूरी अगासे उम्र 22 वर्ष पिता दूधराम अगासे जाति कुनबी निवासी वार्ड नं 2 ग्राम बोनकटटा तह. तिरोडी जिला बालाघाट (म.प्र) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसमे विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 24/09/2025 नियत की गई है।

अत: उक्त विवाह के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 24/09/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

**अपर कलेक्टर**
**एवं रजिस्ट्रार हिन्दू विवाह जिला बालाघाट (म.प्र)**